प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:05 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर ''मन की बात'' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात की ये पहली कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

भारत ने आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप का फाइनल जीत लिया है। यह भारत का 17 साल बाद दूसरा टी–20 विश्व कप खिताब है। रोहित शर्मा की कप्तानी में कल बारबोडास के किंग्स्टन ओवल में खेले गए रोमांचक मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ये जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने विराट कोहली के 59 गेंदों पर 76 रन और अक्षर पटेल के 31 गेंदों पर 47 रनों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका हेनरिक क्लासेन के 52 रनों की मदद से आठ विकेट पर 169 रन ही बना सका। विराट कोहली को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आठ मैचों में 15 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री ने टी–20 विश्व कप जीतने के लिए भारतीय टीम को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कभी न हार मानने की भावना के साथ टीम इंडिया नेउत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए असाधारण जीत हासिल की है।

वहीं, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि देश को टीम पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह मैच ऐतिहासिक था। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है।

प्रदेश में नये आपराधिक कानून कलएक जुलाई से लागू हो जायेंगे। ये कानून महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने के लिये कानूनी व्यवस्था को मजबूत करते हैं। साथ ही उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिये यौन उत्पीड़न को परिभाषित और प्रतिबंधित करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल के साथ नये कानून लैंगिक समानता और गैर–भेदभाव के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

देश भर में कल पहली जुलाई से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। ये अभियान 31 अगस्त तक चलेगा और इस अभियान का विषय ''डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान'' रखा गया है। इस अभियान को लेकर किन्नौर जिला प्रशासन ने रिकांगपिओ में एक बैठक की। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों में डायरिया को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत जिला व खंड स्तर पर अभिभावकों को डायरिया की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाएगा।

राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आज हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। दो सत्रों में होने वाली इस परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र में उम्मीदवारों का प्रवेश परीक्षा के शुरू होने से एक घंटा पूर्व शुरू हो जाएगा जबकि परीक्षा आरंभ होने के तुरंत बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

देश में दक्षिणी–पश्चिमी मानसून के प्रवेश के साथ ही वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया है। कल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है–**हमीरपुर में सर्राफा–शराब कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर छापे।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**हमीरपुर में इनकम टैक्स की रेड–7 कारोबारियों पर छापे, पंजाब–चंडीगढ़ नंबर की गाड़ियों में पहुंची टीमें।** हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**हमीरपुर के 4 बड़े**

कारोबारियों पर केंद्रीय आयकर विभाग की छापेमारी। दैनिक जागरण लिखता है–**हमीरपुर में आयकर विभाग की बड़ी दबिश।**

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**पौंग बांध विस्थापितों के लिए कानून भी बदलना पड़ा तो बदलेंगे।**

अगले सत्र से पांचवी तक अंग्रेजी में पढ़ाई को मंजूरी, किताबों की छपाई शुरू अमर उजाला की एक खबर है।

दैनिक भास्कर लिखता है– **श्रीखंड यात्रा शुरू होने के 15 दिन पहले 2 हजार से अधिक यात्रियों ने किया आवेदन।** अखबार की अन्य खबर है–**ऊपरी शिमला के कई क्षेत्रों में सेब के बगीचों पर ब्लैक स्पॉट, माइट व रस्टिंग का हमला।**